साइबर ठगी के प्रति किया जागरूक



एनबीटी न्यूज, गुड़गांव: साइबर चैंप्स अभियान के तहत गुरुवार को सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में इंटर-स्कूल नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान साइबर सेफ्टी थीम पर 30 स्कूलों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल पहले, डीपीएस सेक्टर-45 दूसरे और सेक्टर-4 के सीसीए स्कूल तीसरे स्थान पर रहे। एसीपी प्रियांशु दीवान ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य शहर को साइबर सुरक्षित बनाना है। नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन के माध्यम से स्कूली छात्र इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के लिए निवारक उपायों और सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानेंगे। इस दौरान साइबर सुरक्षा अधिकारी बिजेंद्र सिंह, आशीष पाहुजा, जगदीश बवेजा, राज कुमार यादव, अवनीश वत्स आदि मौजूद रहे।